# लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व) (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़

## पीठासीन अधिकारी – आलोक रंजन (आई.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 081/2024(सू.अ.) (GCMS 2024/371) | 29-11-2024 | 18-12-2024 |

**अनवान**

मोतीलाल पिता मांगीलाल साहू निवासी 99 नेहरू बाजार मीना पाडा उदयपुर जिला उदयपुर (मोबाईल 9667066792)

**अपीलार्थी**

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़

**प्रत्यर्थी**

**प्रथम अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005**

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 28.10.2024 को प्रस्तुत किया, उक्त आवेदन के संबंध में अधिनियम द्वारा निर्धारित समायावधि 30 दिवस की अवधि में लोक सूचना अधिकारी से अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह हस्तगत प्रथम अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई।

इस पर अपील अपीलार्थी को दर्ज रजिस्टर किया जाकर न्यायालय के पत्र क्रमांक/सरिश्ता/प्र.सं./081/2024(सू.अ.)(18.12.2024)/795 दिनांक 29.11.2024 से अपील मेमो एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन की प्रति सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ को प्रेषित करते हुये आगामी पेशी दिनांक से पूर्व अपील मेमो एवं आवेदन के संबंध में बिन्दुवार कमेंट्स/टिप्पणी हेतु लिखा गया एवं अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड सूचना–पत्र से नियत दिनांक को अपील के संबंध में अपना पक्ष रखने एवं सुनवाई हेतु सूचित किया गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

दिनांक 18.12.2024 अपील अपीलार्थी अनुपस्थित रहे। सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ से पत्रांक/रीडर/आरटीआई/2024/175 दिनांक 14.12.2024 से बिन्दुवार टिप्पणी/ कमेंट्स प्राप्त हुये जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर हैं, इसके साथ ही सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा कमेट्स/टिप्पणी में संदर्भित पत्रों की छाया प्रतियां प्रेषित की गई हैं जो कि शामिल पत्रावली हैं।

अधीनस्थ सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ से प्राप्त टिप्पणी/कमेंट्स निम्नानुसार हैं :-

1. यह कि बिन्दु संख्या 01 स्वीकार है।
2. यह कि बिन्दु संख्या 02 स्वीकार है।
3. यह कि बिन्दु संख्या 03 के संबंध में अपीलार्थी के द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 28.10.2024 जो इस कार्यालय में दिनांक 06.11.2024 को प्राप्त हुआ, तत्पश्चात् इस कार्यालय के द्वारा प्रार्थी को नियत समयावधि में सूचना तैयार कर पत्र क्रमांक/रीडर/आरटीआई/2024/157 दिनांक 10.11.2024 को जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रदत्त करवाई गई, जिसकी प्रति संलग्न है।
4. यह कि बिन्दु संख्या 04 के अनुसार आवेदक को उक्तानुसार निर्धारित समय से पूर्व ही सूचना प्रेषित की गई है।
5. यह कि बिन्दु संख्या 05 अस्वीकार है।
6. यह कि बिन्दु संख्या 06 अस्वीकार है।
7. यह कि बिन्दु संख्या 07 अस्वीकार है।

इसके साथ ही सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा कमेट्स/टिप्पणी में संदर्भित पत्रों की छाया प्रतियां प्रेषित की गई है जो कि शामिल पत्रावली है। हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील आवेदन तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का गहनता पूर्वक अवलोकन किया, तथ्यों का चित्त मन से शांति पूर्वक चिंतन-मनन किया। हमने सूचना का अधिकार अधिनयम 2005 से मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग (सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ) के परिपत्र क्रमांक : प. 3(22)प्रसु/सू.अ.प्र./06 दिनांक 02.02.2009 के बिन्दु संख्या 3 द्वारा प्रचारित किया गया है कि नागरिकों को किसी लोक प्राधिकारी से ऐसी सूचना मांगने का अधिकार है, जो उस लोक प्राधिकारी के पास उपलब्ध है या उसके नियंत्रण में है। इस अधिनियम में लोक प्राधिकारी के पास या नियंत्रण में उपलब्ध कृति, दस्तावेजों तथा रिकार्ड का निरीक्षण, नोट,

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

उद्धरण या प्रमाणित प्रतियॉ प्राप्त करना, सामग्री के प्रमाणित नमूने शामिल हैं, परन्तु सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत लोक प्राधिकारी द्वारा सूचना का सृजन करना या सूचना की व्याख्या करना या आवेदक द्वारा उठायी गई समस्याओं का समाधान करना या काल्पनिक प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित नहीं है। अधिनियम के अन्तर्गत केवल ऐसी सूचना प्राप्त की जा सकती है जो लोक प्राधिकारी के पास पहले से मौजदू है।

हमने अपीलार्थी सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रेषित कमेट्स/टिप्पणी में संदर्भित पत्रों की छाया प्रतियां का गहनता पूर्वक अध्ययन/अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 28.10.2024 के संबंध में सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ अपने पत्र क्रमांक/रीडर/आरटीआई 2024/157 दिनांक 10.11.2024 से अपीलार्थी को आवेदन के संबंध में सूचित किया जा चुका है, ऐसी स्थिति में अधीनस्थ सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा अपीलार्थी के सूचना का अधिकारी अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्र दिनांक 28.10.2024 का विधि अनुसार निस्तारण किया जाना प्रतिवेदित होता है, अतः अपील अपीलार्थी सारहीन होना पाया जाता है।

उपर्युक्त विवेचन एवं विश्लेषण के आधार पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत हस्तगत प्रथम अपील अपीलार्थी/आवेदक के आवेदन–पत्र दिनांक 28.10.2024 जो कि सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ को प्रस्तुत किया गया बाबत् सारहीन होने से खारीज की जाती हैं।

निर्णय की प्रति सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ एवं अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक निःशुल्क भिजवाई जावें। पत्रावली की गणना निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही के अभिलेखागार भिजवाई जावे।

यह निर्णय खुले न्यायालय में आज दिनांक <u>**18.12.2024**</u> को लिखाया जाकर सुनाया गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(आलोक रंजन)(I.A.S.)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
(राजस्व) (जिला कलक्टर),
चित्तौड़गढ़ (राज.)